पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रधानमंत्री से मिले राज्यपाल

मुख्यमंत्री सहित दी लखनऊ हवाई अड्डे से विदाई

लखनऊः 28 जून, 2018

राज्यपाल श्री नाईक ने लखनऊ के चैधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आज मगहर में आयोजित कार्यक्रम में सहभाग कर नई दिल्ली वापस जाने के लिए लखनऊ आये थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, चिकित्सा एवं प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्यगण, मुख्य सचिव श्री राजीव कुमार सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

इससे पूर्व राज्यपाल ने आज सुबह राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द का स्वागत कानुपर हवाई अड्डे पर किया तथा उनके साथ आई0आई0टी0 कानपुर के दीक्षांत समारोह में भी प्रतिभाग किया।

अंजुम/ललित/राजभवन(259/36)